FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनाँक 20-04-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी / नकबजनी में वाँछित 15 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त आकाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार ।

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद ।**
- **वाँछित 15,000 रूपये का इनामिया अभियुक्त आकाश जनपद के थाना शिकोहाबाद के अभियोग में लगभग 06 माह से चल रहा था फरार ।**
- **अभियुक्त आकाश के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं ।**

दिनाँक 23-10-2024 को थाना शिकोहाबाद पर वादी श्री हिमाँशू पुत्र श्री रामौतार निवासी ग्राम चितावली थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका मोबाइल VIVO Y16 फोन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी जिसके आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 639/2024 धारा 305 बीएनएस0 बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया था । उपरोक्त अभियोग में विवेचना के दौरान अभियुक्तगण 01.आकाश, 02.सीपू , 03.विष्णु व 04.मोनू के नाम प्रकाश में आये थे । प्रकाश में आये अभियुक्तगण 01.सीपू, 02.विष्णु एवं 03.मोनू को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

मु0अ0सं0 639/2024 में अभियुक्त आकाश लगभग 06 माह से वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाँक 20-04-2025 को थाना शिकोहाबाद टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना शिकोहाबाद के मु0अ0सं0 639/2024 में वाँछित चल रहा 15 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त आकाश पुत्र महेश थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे घूम रहा है जोकि इस समय नौशहरा पुल के पास हाईवे पर खडा है। मुखबिर की सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर अभियुक्त की घेराबन्दी की गयी । घेराबन्दी के दौरान पुलिस टीम को नजदीक आता देखकर अभियुक्त ने पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त आकाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस

बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. आकाश पुत्र महेश निवासी सराय शेख थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण–

1. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।
3. 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।

अभियुक्त आकाश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 639/24 धारा 305 बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 203/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 599/21 धारा 41/414 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 601/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0स0 553/20 धारा 13 जी एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 निशान्त कुमार चौकी प्रभारी आदर्श नगर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 रजत तोमर चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अरविन्द चहल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. का0 271 गोविन्द्र कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 872 सन्तोष कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।